1

इसे जगाओ

शिक्षक निर्देश: पाठ को रोचक बनाने हेतु सॉफ्टवेयर का प्रयोग करें।

सफलता प्राप्ति के लिए मनुष्य का परिश्रम करना आवश्यक है। प्रस्तुत कविता परिश्रम के महत्व और आलस्य के दुष्परिणामों से अवगत कराती है।



भई सूरज,
ज़रा इस आदमी को जगाओ!
भई **पवन**,
ज़रा इस आदमी को हिलाओ!
यह आदमी जो सोया पड़ा है
जो सच से **बेख़बर**
सपनों में खोया पड़ा है।

भई **पंछी**,
इसके कानों पर चिल्लाओ!
भई सूरज,
ज़रा इस आदमी को जगाओ!
वक़्त पर जगाओ,
नहीं तो जब बेवक़्त जागेगा यह
तो जो आगे निकल गए हैं

उन्हें पाने
घबरा के भागेगा यह।
घबरा के भागना अलग है,
क्षिप्र तो वह है
जो सही **क्षण** में **सजग** है।
सूरज, इसे जगाओ,
पवन, इसे हिलाओ,
पंछी, इसके कानों पर चिल्लाओ!

–भवानी प्रसाद मिश्र

भवानी प्रसाद मिश्र का जन्म 29 मार्च, 1913 को मध्य प्रदेश के होशंगाबाद में हुआ था। इन्हें लोग प्यार से 'भवानी भाई' कहकर भी पुकारते थे। इनकी रचना *बुनी हुई रस्सी* के लिए 1972 में इन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सरलता एवं सहजता इनकी कविताओं की विशेषता है।

शब्दकोश

शब्दार्थ

पवन	–	हवा (wind)	क्षिप्र	–	तेज़ (fast)
बेख़बर	–	अनजान (unaware)	क्षण	–	पल (moment)
पंछी	–	पक्षी (bird)	सजग	–	जागरूक (aware)

अन्य भाषाओं के शब्द

आदमी, ज़रा, सच, बेख़बर, वक़्त, बेवक़्त।

देखें हमने क्या सीखा

पाठ से

मौखिक (Speaking Skills)

1. इस कविता के कवि का क्या नाम है?
2. कवि सूरज से क्या कह रहा है?
3. कवि किससे चिल्लाने के लिए कह रहा है?
4. आदमी क्या कर रहा है?

लिखित (Writing Skills)

लघूत्तरीय प्रश्न (Short Answer Questions)

1. कवि ने कविता में किस-किस को संबोधित किया है?

....

2. कवि ने किसको जगाने का आह्वान किया है?

....

3. घबरा कर भागना किस गति से भिन्न है?

....

4. सही क्षण में कौन सजग होता है?

....

5. पंछी से कवि ने क्या करने को कहा है?

....

दीर्घउत्तरीय प्रश्न (Long Answer Questions)

1. कवि के अनुसार व्यक्ति किस सच से बेख़बर है?

....

....

2. वक़्त पर जागने से व्यक्ति को क्या लाभ होगा?

....

....

3. कवि सूरज, पवन तथा पंछी का उदाहरण देकर क्या संदेश देना चाहता है?

....

....

4. इस कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

....

....

....

पठित पद्यांश प्रश्न (Comprehension Questions)

1. **सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए–**

(क) कवि पवन से क्या करने के लिए कह रहा है?

(i) व्यक्ति को रुलाने के लिए ☐ (ii) व्यक्ति को हिलाने के लिए ☐

(iii) दोनों में से कोई नहीं ☐

(ख) बेवक़्त का समानार्थी शब्द कौन-सा है?

(i) दुख ☐ (ii) असमय ☐ (iii) तरकीब ☐

(ग) क्षिप्र का क्या अर्थ है?

(i) मंद ☐ (ii) तेज़ ☐ (iii) प्रकाश ☐

(घ) क्षण का क्या अर्थ है?

(i) दिन ☐ (ii) पल ☐ (iii) हवा ☐

2. **'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए–**

(क) व्यक्ति सपनों में खोया हुआ है।

(ख) व्यक्ति के असमय जागने से लक्ष्यप्राप्ति की संभावनाएँ कम हो जाएँगी।

(ग) जो व्यक्ति निरंतर सजग रहकर प्रयत्न करता है उसे सफलता अवश्य मिलती है।

(घ) इस कविता में धन के महत्व के बारे में बताया गया है।

मूल्यपरक प्रश्न/उच्चस्तरीय बौद्धिक कौशल (VBQs/HOTS)

1. प्रकृति की विभिन्न वस्तुएँ हमें कुछ-न-कुछ संदेश देती हैं। उदाहरण के लिए, झरना हमें निरंतर गतिशील रहने की प्रेरणा देता है; पर्वत दृढ़ता सिखाता है; फलदार वृक्ष हमें विनम्र रहने की सीख देते हैं; आदि। आप अन्य प्राकृतिक वस्तुओं से क्या-क्या सीखते हैं?
2. आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है, आपने यह कहावत अवश्य सुनी होगी। क्या आप इस कथन से सहमत हैं?

भाषा कौशल गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities)

रोचक क्रियाकलाप (Interesting Activities)

1. 'समय का महत्व' इस विषय पर कक्षा में सामूहिक चर्चा का आयोजन कीजिए।
2. इस कविता को नाटक के रूप में लिखिए। अपने सहपाठियों के साथ उस नाटक का मंचन भी कीजिए।
3. आजकल लोग इंटरनेट के प्रयोग में बहुत समय नष्ट करते हैं। आपके अनुसार इंटरनेट उपयोगी है अथवा अनुपयोगी? लगभग 50-100 शब्दों में अपने विचार लिखिए–

....

....

....

....

....

....